भारतीय नौसेना दिवस 2024

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

हाल ही में **4 दिसंबर को** भारतीय नौसेना दिवस मनाया गया, जिसमें वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध और ऑपरेशन ट्राइडेंट का सम्मान किया गया, जिसमें पाकिस्तान के कराची बंदरगाह पर हमला करने में भारतीय नौसेना की रणनीतिक सफलता पर प्रकाश डाला गया।

- **वर्ष 2024 की थीम है "नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से ताकत और शक्ति"।** यह दिन राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने और समुद्री हितों की रक्षा करने में भारतीय नौसेना की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है

भारतीय नौसेना:

- **1 मई 1830** को ईस्ट इंडिया कंपनी ब्रिटिश क्राउन के अधीन आ गई और उसे सैन्य बल का दर्जा प्राप्त हुआ, जिससे वह भारतीय नौसेना बन गई। वर्ष 1858 में इसका नाम बदलकर हर मैजेस्टीज़ इंडियन नेवी (Her Majesty's Indian Navy) कर दिया गया।
  - भारतीय नौसेना ने भगवान वरुण के वैदिक आह्वान **"शं नो वरुणः" को** अपने प्रतीक आदर्श वाक्य के रूप में अपनाया, जिसका अर्थ है **"हे वरुण, आप हमारे लिये शुभ रहें।"**
- **21 अक्तूबर 1944** को पहली बार नौसेना दिवस मनाया गया।
  - **वर्ष 1972** से, **नौसेना दिवस 4 दिसंबर** को अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और कराची बंदरगाह मिसाइल हमले में **वर्ष 1971 के सफल नौसैनिक अभियानों** के सम्मान में और युद्ध शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये मनाया जाता है।
- नौसेना में **तीन कमान** हैं, जिनमें से प्रत्येक एक फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के नियंत्रण में है: **पश्चिमी** (मुख्यालय-मुंबई), **पूर्वी** (विशाखापत्तनम) और **दक्षिणी** नौसेना कमान (कोच्चि)।

और पढ़ें: भारतीय नौसेना दिवस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-navy-day-2024